SS COACHING
RISE FROM FAILURE
Estd.2001

# आदर्श प्रश्नपत्र

## हिन्दी(201)

**कुल अंक:- 100** **समय: 3 घंटे**

**टिप्पणी :**

1. प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 37 है और सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
2. प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके समक्ष दिये गए हैं।
3. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और खंड 'ब' ।
4. खंड 'अ' में वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पी और खंड 'ब' में विषयनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
5. खंड 'अ' में कुल 27 प्रश्न हैं। इसमें प्रश्न संख्या 1-5 पठित कविता पर ,प्रश्न संख्या 6 अपठित कविता पर, प्रश्न संख्या 7-19 पठित गद्य पर, प्रश्न संख्या 20 अपठित गदयांश पर और प्रश्न संख्या 21-27 व्याकरण पर आधारित प्रश्न हैं। प्रश्नों के साथ निर्देशानुसार उनके आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
6. खंड 'ब' में कुल 10 प्रश्न हैं। इसमें प्रश्न संख्या 28-30 पठित कविता पर, प्रश्न संख्या 31-34 पठित गद्य पर तथा प्रश्न संख्या 35-37 लेखन कौशल पर आधारित प्रश्न हैं। प्रश्नों के साथ उनके आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

| | **खंड 'अ'(वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय)** | | |
|---|---|---|---|
| प्रश्न सं. | निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान भरिए और अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :- | अंक | कुल अंक |
| 1. | (I) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' में चंद्रगहना एक .................. है।<br>अथवा<br>(II) 'आजादी' कविता के अनुसार ...................... आजादी है। | 1 | 1 |
| 2. | (I) कबीर ने बढ़ते जल की तुलना की है ..................................<br>(क) बुराइयों से<br>(ख) धन से<br>(ग) बाढ़ से<br>(घ) चतुराई से<br>अथवा<br>(II) निम्नलिखित कविताओं और कवियों का सही मिलानवाला विकल्प चुनें:<br>(क) बूढ़ी पृथ्वी का दुख' (i) मैथिलीशरण गुप्त<br>(ख) आजादी (ii) बालचंद्रन चुल्लिक्काड़<br>(ग) आह्वान (iii) केदारनाथ अग्रवाल<br>(घ) चंद्रगहना से लौटती बेर (iv) निर्मला पुतुल<br>A. (क) (i); घ(ii), (ग)(iii), (ख)(iv) | 1 | 1 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | B. (घ) (i), (ग)(ii), (क)(iii), (ख)(iv)<br>C. (घ) (iii), (ख)(ii), (क)(iv), (ग)(i)<br>D. (क) (i), (ख)(ii), (ग)(iii), (घ)(iv) | | |
| 3. | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के रिक्त स्थान एक शब्द या वाक्यांश से भरिए और अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :- | | 3 |
| | (i) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में 'पेड़ों के हज़ारों हज़ार हाथों के हिलने' से अभिप्राय है कि ………………… | 1 | |
| | (ii) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में 'पोखर' शब्द ………………. के लिए आया है। | 1 | |
| | (iii)'आह्वान' कविता में पीछे रह गए लोग,आगे …………………….करके बढ़ गए। | 1 | |
| | (iv)'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में 'फाग गाता मास फागुन आ गया है जैसे' …………………अलंकार का उदाहरण है। | 1 | |
| 4 | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के रिक्त स्थान भरिए और अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :- | | 4 |
| | (i) ………………………..कविता में प्रयुक्त हुए अनंत कपड़े,गतिमान पहिये …………………हैं। | 1X2 | |
| | (ii) कबीर ने एक दोहे में कुम्हार की तुलना …………………..से और घड़े की तुलना ……………से की है। | 1X2 | |
| | (iii) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में 'बांधे मुरैठा शीश पर' …………….के लिए और 'देह की पतली, कमर की है लचीली' …………………के लिए प्रयुक्त हुए हैं। | 1X2 | |
| 5. | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के रिक्त स्थान एक शब्द या वाक्यांश से भर कर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :- | | 4 |
| | (i) खैर,खून,खांसी,खुसी में ………………… अलंकार है क्योंकि ……………………………… | 1X2 | |
| | (ii) आजादी कविता में प्रयुक्त शब्द शागिर्द, तनहाई …………भाषा के हैं और लैम्पोस्ट शब्द ……………. भाषा का है। | 1X2 | |
| | (iii) ऊंचे कुल का जनमिया दोहे में ……………..की प्रेरणा दी गई है । इस दोहे में ……………..अलंकार का प्रयोग हुआ है। | 1X2 | |
| 6. | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छांट कर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :-<br><br>पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले,<br>पुस्तकों में है नहीं छापी गई इसकी कहानी,<br>हाल इसका ज्ञात होता है न औरों की ज़बानी,<br>अनगिनत राही गए इस राह से, उनका पता क्या,<br>पर गए कुछ लोग इस पर छोड़ पैरों की निशानी,<br>यह निशानी मूक होकर भी बहुत कुछ बोलती है,<br>खोल इसका अर्थ, पंथी, पंथ का अनुमान कर ले<br>पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले। | | 4 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | है अनिश्चित किस जगह पर सरित, गिरि, गह्वर मिलेंगे,<br>है अनिश्चित किस जगह पर बाग, वन सुंदर मिलेंगे,<br>किस जगह यात्रा ख़तम हो जाएगी, यह भी अनिश्चित,<br>है अनिश्चित कब सुमन, कब कंटकों के शर मिलेंगे,<br>कौन सहसा छूट जाएँगे, मिलेंगे कौन सहसा,<br>आ पड़े कुछ भी, रुकेगा तू न, ऐसी आन कर ले।<br>पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले।<br><br>(I) 'खोल इसका अर्थ, पंथी, पंथ का अनुमान कर ले' का भाव है ...<br>(क)बाधाओं से बच कर यात्रा करना<br>(ख)यात्रा से पहले राह जान कर अपना लक्ष्य सुनिश्चित करना<br>(ग)यदि आवश्यक न हो तो यात्रा न करना<br>(घ)अज्ञात राह की यात्रा न करना<br><br>(II) कविता में 'सरित, गिरि, गह्वर' प्रतीक हैं...<br>(क)देश के प्राकृतिक सौन्दर्य के<br>(ख)पर्यावरण के<br>(ग)हिमालय के पर्यटन स्थल के<br>(घ)मार्ग की बाधाओं के<br><br>(III) काव्यांश का मूल विषय है.....<br>(क)मार्ग की बाधाएं<br>(ख)जीवन की अनिश्चितता में यात्रा की निरन्तरता<br>(ग)जीवन में समस्याओं का समाधान<br>(घ)सावधानी से जीवन जीना<br><br>(IV) काव्यांश में ........................ और........................अलंकारों का सौन्दर्य है।<br>(क)अनुप्रास, उपमा<br>(ख)मानवीकरण, अनुप्रास<br>(ग)अनुप्रास, विरोधाभास<br>(घ)अनुप्रास, रूपक | 1<br><br>1<br><br>1<br><br>1 | |
| | निम्नलिखित प्रश्नों में दिये रिक्त स्थान भरिए और अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :- | | |
| 7. | (I) 'अंधेर नगरी' नाटक में राजा के लिए किस विशेषण का प्रयोग किया गया?<br>(क) बहादुर<br>(ख) चौपट<br>(ग) न्याय प्रिय<br>(घ) विलासी | 1 | 1 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | अथवा<br>(II) 'बहादुर' शीर्षक कहानी में लेखक के पुत्र का नाम है......................<br>(क) किशोर<br>(ख) कुमार<br>(ग) कृष्ण कुमार<br>(घ) कृश | | |
| 8. | (I) फोटो के नीचे छपी सूचना को अखबार की भाषा में.......................... कहते हैं।<br>(क) इंट्रो<br>(ख) सब हेडिंग<br>(ग) कैप्शन<br>(घ) समाचार स्रोत<br>अथवा<br>(II) शतरंज के खिलाड़ी कहानी का उद्देश्य ................................ करना है।<br>(क) उस समय के समाज का चित्रण करना<br>(ख) शतरंज के खेल की निंदा करना<br>(ग) गुलामी के कारणों के प्रति सचेत करना<br>(घ) मीर और मिर्ज़ा के जीवन चित्रण करना | 1 | 1 |
| | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छांट कर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :- | | |
| 9. | (I) 'बहादुर घर में फिरकी की तरह नाचता रहता था' का आशय है कि वह-<br>(क) वह काम करने के लिए इधर-उधर दौड़ता रहता था।<br>(ख) वह बहुत शोर मचाता रहता था।<br>(ग) वह दिन भर खूब शरारत करता था<br>(घ) काम से बचने के बहाने ढूंढा करता था।<br>अथवा<br>(II) मां-बाप का कर्ज़ा तो जन्म भर भरा जाता है'बहादुर के इस कथन से ज्ञात होता है ...<br>(क) उसने माँ-बाप से बहुत सारा कर्ज़ा लिया है।<br>(ख) उसे माँ-बाप द्वारा लिया गया कर्ज़ा चुकाना है।<br>(ग) उसे मां-बापके प्रति अपने कर्तव्य का एहसास है।<br>(घ) उसके मां-बापभी पूरा जीवन कर्ज़ा चुकाते रहे हैं। | 1 | 1 |
| 10. | (I) शतरंज के खिलाड़ी कहानी में बिना युद्ध के नवाब को बंदी बनाए जाने पर भी मीर और मिरज़ा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा क्योंकि .............................................<br>(क) वे उसके शत्रु थे।<br>(ख) मीर और मिरज़ा अंग्रेजों के समर्थक थे ।<br>(ग) शतरंज के बादशाह को बचाना अधिक आवश्यक था।<br>(घ) युद्ध करना उनका उत्तरदायित्व नहीं था।<br>अथवा | 1 | 1 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ( II) शतरंज के खिलाड़ी कहानी का यह संवाद-'घास तो आपके अब्बाजान छीलते होंगे।यहाँ तो पीढ़ियों से शतरंज खेलते चले आ रहे हैं' संकेत करता है.....<br>(क) मीर का मज़ाक<br>(ख) मिरजा की हार<br>(ग) मीर की प्रतिकार भावना<br>(घ) मिरज़ा की असलियत | | |
| 11. | (I) आपने अपने मित्र को पत्र लिखा है। यह पत्र किस प्रकार का होगा ?<br>(क) व्यावसायिक पत्र<br>(ख) अनौपचारिक पत्र<br>(ग) कार्यालयी पत्र<br>(घ) औपचारिक पत्र<br>अथवा<br>(II) विस्तार से कही गई बात को कम शब्दों में व्यक्त करने की कला कहलाती है....<br>(क) भाव पल्लवन<br>(ख) सार लेखन<br>(ग) निबंध लेखन<br>(घ) व्याख्या लेखन | 1 | 1 |
| | निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान एक शब्द या वाक्यांश से भरिए और अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :- | | |
| 12. | (I) अंधेर नगरी पाठ में 'टके सेर भाजी टके सेर खाजा' कथन में निहित व्यंग्य अर्थ है...............<br>अथवा<br>(II) अंधेर नगरी पाठ में महंत ने नगर छोड़कर जाने का निर्णय लिया क्योंकि.......... | 1 | 1 |
| 13. | (I) समाचार स्रोत में यह शामिल नहीं होता कि..............................<br>अथवा<br>(II) अखबार का संपादकीय .............................पर आधारित होता है। | 1 | 1 |
| 14. | निम्नलिखित में से किन्हीं 02 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये:<br>(क) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ के लेखक हैं .......................................।<br>(ख) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ में लेखक ने ...................... की विचारधारा का संकेत किया है।<br>(ग) अंधेर नगरी' नाटक के लेखक हैं .....................................<br>(घ) अंधेर नगरी'नाटक के ............................तत्व के कारण वह अन्य विधाओं से भिन्न है | 1X2 | 2 |
| 15. | निम्नलिखित संवाद किस पात्र के हैं? किन्हीं दो की पहचान कीजिये और रिक्त स्थान भरिए :<br>(क) "देख बे,मेरा काम सबसे पहले होना चाहिए"। ......................<br>(ख) "बच्चा,बहुत लोभ नहीं करना"। ..............................<br>(ग) "इतनी लौ खुदा से लगते तो वली हो जाते"।......................<br>(घ) 'मैं समझ रही थी कि शहर मेरा स्वागत करेगा"। ................ | 1X2 | 2 |
| 16. | नीचे दिये गए कथनों में से किन्हीं दो कथन उत्तर पुस्तिका में लिखिए औए बताइये वे सही हैं या | 1X2 | 2 |



Scanned with OKEN Scanner

गलत।

(क) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ में पशुता से आशय है बुरी प्रवृत्तियाँ

(ख) विज्ञापन का उद्देश्य भाषा शिक्षण होता है

(ग) व्यापार जगत के समाचारों की भाषा में बनावटी शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

(घ) बहादुर चोरी के झूठे आरोप के कारण घर से भाग जाता है।

**17.** (I) ..................की मदद से सुखी राजकुमार नगर के लोगों के दुख दूर करता है और .................. का संदेश देता है। — 1X2 — 2

(क) मैना, आत्मविश्लेषण

(ख) बया , परिश्रम

(ग) गौरैया, निःस्वार्थ प्रेम

(घ) कोयल, शांति

**अथवा**

(II) 'सुखी राजकुमार' कहानी में ..................... के द्वारा बार-बार मिस्र देश जाने की बात की गयी है। इससे हमें समझ सकते हैं कि उसमें ....................................

(क) गौरैया, काम से जी चुराने की प्रवृत्ति है।

(ख) मेयर, दिखावा करने की प्रवृत्ति है।

(ग) अंगरक्षिका, नगर में रहने के प्रति उदासीनता है।

(घ) गौरैया, ऐश्वर्य के प्रति आकर्षण है

**18.** नीचे दिये गए पाठों और पात्रों के दो सही युग्म चुनिये और अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए - — 1X2 — 2

| पाठ का नाम | पात्र का नाम |
|---|---|
| बहादुर | गौरैया |
| शतरंज के खिलाड़ी | गोबरधनदास |
| सुखी राजकुमार | मिरजा |
| अंधेर नगरी | किशोर |
| | |

**19.** निम्नलिखित में से किन्हीं 02 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये: — 1X2 — 2

(क) निबंध के मुख्यतः तीन अंग होते हैं: भूमिका,..................तथा उपसंहार ।

(ख)........................... निबंधों में कल्पना की प्रधानता रहती है।

(ग) विचारात्मक निबंधों में ...................... तत्व की प्रधानता रहती है।

(घ) किसी दर्शनीय स्थल पर आधारित निबंध .......................... निबंधों के अंतर्गत आएंगे।

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छांट कर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :

**20.** विकास और पर्यावरण के मुद्दे और उनके परस्पर संबंध आध्यात्मिक महत्व के हैं खासकर भारत के संदर्भ में। पहली प्राथमिकता तो यह है कि सभी लोगों को जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं पूरी — 4



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | की जा सकें और पर्यावरण और उनकी संपदाओं का किसी प्रकार का अवांछित दोहन ना हो सके। आर्थिक विकास की उच्च ऊर्जा पर आधारित जीवन शैली ने भौतिक समृद्धि को बढ़ाया है। विकासशील देश आज पर्यावरण संकट और विकास के संकट दोनों से घिरे हुए हैं। यह दोनों ही संकट एक दूसरे की तीव्रता और परस्पर प्रतिक्रिया से समस्या को और गहरा बना रहे हैं। एक तरफ तो असमानता निर्धनता, बेरोजगारी की समस्याओं का कोई अंतर नहीं दिखाती और जिन्हें विकास की प्रक्रिया द्वारा सुलझाना है, दूसरी तरफ पर्यावरण का शोषण बढ़ता ही जा रहा है। रोचक तथ्य यह है कि वायु और जल के प्रदूषण की समस्याएं विकासशील विश्व में बढ़ती ही जा रही हैं और अधिकांश स्थानों पर इन्होंने विकराल रूप धारण कर लिया है। भारत को वर्तमान समस्याओं का स्थायी समाधान खोजने के साथ-साथ भावी पीढ़ी को भी इन चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना होगा।<br><br>(I) भारत के संदर्भ में विकास और पर्यावरण के मुद्दे का अध्यात्मिक होने का कारण हो सकता है<br>(क) मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु निर्भरता<br>(ख) पर्यावरण की सुरक्षा में ही जीवन सुरक्षित।<br>(ग)पर्यावरण के महत्व के प्रति आस्था।<br>(घ) वैज्ञानिक आधार न होना।<br><br>(II) विकासशील देश का पर्यावरण और विकास में उलझे होने से अभिप्राय है......................<br>(क)पर्यावरण की सुरक्षा तथा विकास की इच्छा रखना<br>(ख)विकास को नहीं छोड़ पाना<br>(ग)पर्यावरण को नष्ट नहीं होने देना<br>(घ)भौतिकता की इच्छा रखने रखना<br><br>(III) 'अवांछित दोहन' से आप क्या समझते हैं?<br>(क)जरूरत के अनुसार प्रकृति से प्राप्त करना<br>(ख)मुनाफाखोरी को प्रमुखता देना<br>(ग)अनावश्यक रूप से प्रकृति को नष्ट करना<br>(घ)विकास के लिए पर्यावरण को अहित पहुँचाना<br><br>(IV) हम.........................................अब भी सचेत नहीं हैं।<br>(क)आर्थिक विकास को देखकर<br>(ख)पर्यावरण के महत्व को अनदेखा करने से<br>(ग)पर्यावरण के लगातार शोषण बढ़ने से<br>(घ) वायु और जल प्रदूषण की बढ़ती समस्या से | 1<br>1<br>1<br>1 | |
| | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छांट कर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए:- | | |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21. | (I) <u>बुरी तरह हारना</u> के लिए सही मुहावरा है -<br><br>(क) मुंह खून से भर जाना<br>(ख) मुंह ताकते रहना<br>(ग) मुंह की खाना<br>(घ) मुंह उतरना<br>अथवा<br>(II) <u>गागर में सागर भरना</u> मुहावरे से आशय है -<br>(क) सरस दोहों की रचना करना<br>(ख) मूर्खतापूर्ण काम करना<br>(ग) असंभव काम करना<br>(घ) थोड़े शब्दों में अधिक कहना | 1 | 1 |
| 22. | (I)'तिरंगा'में ......................... समास है<br>(क) द्वंद्व,<br>(ख) द्विगु, ,<br>(ग) अव्ययीभाव,<br>(घ) तत्पुरुष<br>अथवा<br>(II)'यथाशक्ति' में ...................समास है<br>(क) बहुव्रीहि<br>(ख) तत्पुरुष<br>(ग) अव्ययीभाव<br>(घ) कर्मधारय | 1 | 1 |
| 23. | निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य है......................<br>(I)<br>(क) वहाँ भारी भीड़ लगी थी।<br>(ख) वहाँ भरकम भीड़ थी।<br>(ग) वहाँ भारी भीड़ जमा थी ।<br>(घ) वहाँ भारी भीड़ इकट्ठा थी।<br>वहाँ भारी भीड़-भाड़ जमा थी ।<br>अथवा<br>(II)<br>(क) ईश्वर के अनेकों नाम हैं।<br>(ख) ईश्वर के अनेक नाम हैं।<br>(ग) ईश्वर के नाम अनेक हैं।<br>(घ) ईश्वर के अनेकों प्रकार के नाम हैं। | 1 | 1 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24. | (I) निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य है ........................................<br><br>(क) मेरा सपना फौजी बनने का है.<br>(ख) जो मेहनती होते हैं, उन्हें सभी सराहते हैं।<br>(ग) वे दौड़ते-दौड़ते दूर निकल गए।<br>(घ) यह किताब अच्छी तो है पर महंगी है।<br>अथवा<br>(II) निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य है .......<br>(क) आप चाय पिएंगे या लस्सी ?<br>(ख) सुबह होते ही काम शुरू हो गया ।<br>(ग) जैसे ही शाम हुई, वह घर आ गया।<br>(घ) कप गिरते ही टूट गया। | 1 | 1 |
| 25. | निम्नलिखित प्रश्नों में **किन्हीं दो**के उत्तर अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए :<br>(क) महेन्द्र का सन्धि विच्छेद.................... है।<br>(ख) पर्यावरण का सन्धि विच्छेद.................... है।<br>(ग) इति+आदि का संधि ...................... होगा।<br>(घ) सत+ आनंद का संधि ...................... होगा। | 1X2 | 2 |
| 26. | निम्नलिखित प्रश्नों में **किन्हीं दो** के उत्तर अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए<br>(क) 'माध्यमिक' शब्द में ............................. प्रत्यय का प्रयोग किया गया है।<br>(ख) स्थायित्व शब्द में ............................. प्रत्यय का प्रयोग किया गया है।<br>(ग) 'अनावश्यक' शब्द में ............................. उपसर्ग का प्रयोग किया गया है।<br>(घ) 'अपमान' शब्द में ............................. उपसर्ग का प्रयोग किया गया है। | 1X2 | 2 |
| 27. | निम्नलिखित प्रश्नों में **किन्हीं दो** के उत्तर अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए :<br><br>(क) शत, अंग ,षष्ठ, बीस में से तद्भव शब्द है .................................<br>(ख) निकास, नेह, निर्जीव, नौकर में से तत्सम शब्द है .............................<br>(ग) डॉक्टर, ज़िंदगी,डोंगा,स्कूल में से देशज शब्द है ............................<br>(घ) भात, रोड़ा, अग्नि, एहसान में से विदेशज शब्द है ............................ | 1X2 | 2 |
| | **खंड 'ब'(विषयनिष्ठ/वर्णनात्मक)** | | |
| 28. | निम्नलिखित काव्यांश के कवि और कविता का नामोल्लेख करते हुए काव्य सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए:<br><br>जो जल बाढ़ै नाव में,घर में बाढ़ै दाम<br>दोऊ हाथ उलीचिए,यही सयानों काम<br><br>**अथवा**<br><br>"उस्ताद जी,आजादी क्या होती है?" | 4 | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | -पूछा दर्जी से उसके शागिर्द ने,<br>"क्या वह चारागाह में उछल-कूद मचाता<br>नन्हा-सा बछड़ा है?<br>या उत्तर दिशा में दौड़ती सीटी बजाती रेलगाड़ी? | | |
| 29. | निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:<br><br>पर,जो कपड़े नहीं सिएगा,<br>सपने भी नहीं देख सकेगा।<br>सुई की चमकीली नोंक पर टिकी है आज़ादी।<br><br>**अथवा**<br><br>करत-करत अभ्यास तें, जड़मति होत सुजान।<br>रसरी आवत-जात तें, सिल पर परत निसान।। | 3 | 3 |
| 30. | निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए :-<br>(क) 'नैना देत बताय सब... दोहे में आँखों की किस विशेषता का उल्लेख किया गया है ?<br>(ख) 'आज़ादी' कविता में क्या संदेश दिया गया है?<br>(ग) निंदक को निकट रखने का क्या कारण है ?<br>(घ) 'आज़ादी' कविता के अंत में शागिर्द ने सुई में धागा पिरोने का निर्णय क्यों लिया? | 2x3 | 6 |
| 31. | निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए :-<br>(क)'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी में मुख्य पात्र कौन हैं और उनके आपसी संबंध का मूल आधार क्या है?<br>(ख)'सुखी राजकुमार' कहानी में राजकुमार के स्वभाव में क्या परिवर्तन आया?<br>(ग)'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी में चित्रित नगर कैसा था?<br>(घ)'सुखी राजकुमार' कहानी में रूप और कर्म में से किसे महत्व दिया गया है? | 2x3 | 6 |
| 32. | निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए:<br>(क)'सुखी राजकुमार' कहानी में गौरैया को स्वर्ग में स्थान क्यों मिलता है?<br>(ख)'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी का अंत दुखद क्यों था?<br>(ग)'किसी भी कार्य की अति दुखदायी होती है'-'शतरंजके खिलाड़ी' पाठ के आधार पर कथन की समीक्षा कीजिए। | 2x2 | 4 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 33. | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:<br><br>दूसरे दिन मेयर अन्य सदस्यों के साथ टहल रहा था। जब वह वहां से गुज़रे, तो मेयर ने उसकी ओर देखा और कहा- "कितनी भद्दी लग रही है यह प्रतिमा!""हां कितनी भद्दी है," सदस्यों ने कहा, जो हमेशा मेयर की हां-में-हां मिलाते थे। "उसकी तलवार से लाल गिर गया है, उसकी आंखें गायब हैं और उसका सोना उतर गया है। यह तो बिल्कुल पत्थर का भिखारी मालूम देता है।"<br><br>उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नामोल्लेख करते हुए बताइए कि -<br>(क)'पत्थर का भिखारी' किसे कहा गया है?<br>(ख)गद्यांश का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।<br><br>**अथवा**<br><br>दोनों ज़ख्म खाकर गिरे, और दोनों ने वहीं तड़प-तड़प कर जानें दे दीं। अपने बादशाह के लिए जिनकी आंखों से एक बूंद आंसू न निकला, उन्हीं दोनों प्राणियों ने शतरंज के वज़ीर की रक्षा में प्राण दे दिए। अंधेरा हो चला था बाज़ी बिछी हुई थी। दोनों बादशाह अपने-अपने सिंहासनों पर बैठे हुए मानो इन दोनों वीरों की मृत्यु पर रो रहे थे।<br><br>उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नामोल्लेख करते हुए बताइए कि -<br>(क) दोनों ने शतरंज के वजीर की रक्षा में प्राण क्यों दे दिए?<br>(ख) दोनों बादशाह इन दोनों वीरों की मृत्यु पर क्यों रो रहे थे? | 5 | 5 |
| 34. | निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:<br><br>'...शहर में न कोई हलचल थी, न मार-काट। एक बूंद भी खून नहीं गिरा था। आज तक किसी स्वाधीन देश के राजा की पराजय इतनी शांति से, इस तरह खून बहे बिना न हुई होगी। यह वह अहिंसा न थी, जिस पर देवगण प्रसन्न होते हैं। यह वह कायरपन था जिस पर बड़े-बड़े कायर भी आंसू बहाते हैं।...'<br><br>**अथवा**<br><br>"आज जब मैं मर गया हूं, तो उन्होंने मुझे इतने ऊंचे पर स्थापित कर दिया है कि मैं संसार की सारी कुरूपता और दुख-दर्द देख सकता हूं। मेरे ही नगर में इतना दुख है कि यद्यपि मेरा हृदय जस्ते का है, मगर फिर भी फटा जा रहा है" | 5 | 5 |
| 35. | निम्नलिखित गद्यांश का सार **एक तिहाई** शब्दों में लिखिए:<br><br>राष्ट्रीय जागृति तभी सशक्त होती है, तभी कारगर होती है, जब उसके पीछे संस्कृति की जागृति हो और यह तो विदित ही है कि किसी भी संस्कृति की आत्मा उसके साहित्य में, अर्थात उसकी भाषा में है। इसी बात को हम यूं कह सकते हैं कि बिना संस्कृति के राष्ट्र नहीं और बिना भाषा के संस्कृति नहीं। किसी देश की संस्कृति को जानने के लिए, वहां के साहित्य का पूरा अध्ययन नितांत आवश्यक है। साहित्य किसी देश या जाति के विकास का चिन्ह है। साहित्य से उस समाज के धार्मिक विचारों, सामाजिक संगठनों, ऐतिहासिक घटना चक्र तथा राजनीतिक परिस्थितियों का प्रतिबिंब मिल जाता है। भारतीय संस्कृति के मूल आधार हमारे साहित्य के अमूल ग्रंथ रत्न हैं, जिनके विचारों से भारत की आंतरिक एकता का ज्ञान हो जाता है। हमारे देश की विचारधारा और संस्कृति एकता को सशक्त करती है। नई पीढ़ी को देश की समृद्ध संस्कृति के प्रति सचेत रहते हुए उसके संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत रहना | 5 | 5 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | होगा। | | |
| 36. | अपने बड़े भाई को पत्र लिखकर जानकारी दें कि आप बोर्ड की आगामी परीक्षा के लिए किस प्रकार से तैयारी कर रहे हैं।<br>**अथवा**<br>अपने क्षेत्र में बढ़ रहे अपराधों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए स्थानीय पुलिस अधिकारी को पत्र लिखिए। | 5 | 5 |
| 37. | निम्नलिखित में से किसी **एक विषय** पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए :<br>(क) पर्यावरण हमारा : उत्तरदायित्व हमारा<br>(ख) सब पढ़ें, आगे बढ़ें<br>(ग) स्वच्छ भारत- स्वस्थ भारत<br>(घ) ये सदी स्त्रियों की है | 7 | 7 |



Scanned with OKEN Scanner

# आदर्श प्रश्नपत्र की अंक योजना

## हिन्दी(201)

**कुल अंक:- 100** **समय: 3 घंटे**

| | **खंड 'अ'(वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय)** | | |
|---|---|---|---|
| | | अंक | कुल अंक |
| प्रश्न संख्या | निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान भरिए और अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :- | | |
| **1.** | (I) स्थान<br>**अथवा**<br>(II) अनिवार्य आवश्यकता की पूर्ति | 1 | 1 |
| **2.** | (I) (ख) धन से<br>**अथवा**<br>(II) **C** (घ) (iii), (ख)(ii), (क)(iv), (ग)(i) | 1 | 1 |
| **3.** | **कोई तीन** | | 3 |
| | (i) वे रक्षा के लिए प्रार्थना कर रहे हैं | 1 | |
| | (ii) तालाब | 1 | |
| | (iii) कठिन परिश्रम | 1 | |
| | (iv) मानवीकरण | 1 | |
| **4.** | **कोई दो**<br><u>(i)'**आजादी**'</u>कविता में प्रयुक्त हुए 'अनंत कपड़े', 'गतिमान पहिये' में <u>**विशेषण**</u> हैं।<br>(ii)कबीर ने एक दोहे में कुम्हार की तुलना <u>**गुरु**</u> से और घड़े की तुलना <u>**शिष्य**</u> से की है<br>(iii)'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में बांधे मुरैठा शीश पर <u>**चने**</u>के लिए और 'देह की | 1x2<br>1x2<br>1x2 | 4 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | पतली, कमर की है लचीली' **<u>अलसी</u>** के लिए प्रयुक्त हुए हैं। | | |
| **5.** | **कोई दो**<br>(i)खैर,खून,खांसी,खुसी में **<u>अनुप्रास</u>** अलंकार है क्योंकि **<u>ख वर्ण की आवृति</u>** है।<br>(ii)आजादी कविता में प्रयुक्त शब्द शागिर्द, तनहाई **<u>फारसी</u>** भाषा के हैं और लैम्पोस्ट शब्द **<u>अंग्रेज़ी</u>** भाषा का है<br>(iii)ऊंचे कुल का जनमिया दोहे में **<u>कर्म</u>** की प्रेरणा दी गई है । इस दोहे में **<u>दृष्टांत</u>** अलंकार का प्रयोग हुआ है। | 1x2<br>1x2<br>1x2 | 4 |
| **6.** | (I) (ख) यात्रा से पहले राह जान कर अपना लक्ष्य सुनिश्चित करना<br>(II)(घ) मार्ग की बाधाओं के<br>(III)(ख) जीवन की अनिश्चितता में यात्रा की निरन्तरता<br>(IV)(घ) अनुप्रास, रूपक | 1<br>1<br>1<br>1 | 4 |
| **7.** | (I) 'अंधेर नगरी' नाटक में राजा के लिए <u>(ख)</u>**<u>चौपट</u>** विशेषण का प्रयोग किया गया।<br>**अथवा**<br>(II) 'बहादुर' शीर्षक कहानी में लेखक के पुत्र का नाम <u>(क)</u> **<u>किशोर</u>** है। | 1 | 1 |
| **8.** | (I) फोटो के नीचे छपी सूचना को अखबार की भाषा में <u>(ग)</u>**<u>कैप्शन</u>** कहते हैं।<br>**अथवा**<br>(II) शतरंज के खिलाड़ी कहानी का उद्देश्य (ग) **<u>गुलामी के कारणों के प्रति सचेत करना</u>** है। | 1 | 1 |
| **9.** | (I) बहादुर घर में फिरकी की तरह नाचता रहता था' का आशय है कि वह-<br>(क)वह काम करने के लिए इधर-उधर दौड़ता रहता था।<br>**अथवा**<br>(II) मां-बाप का कर्ज़ा तो जन्म भर भरा जाता है'बहादुर के इस कथन से ज्ञात होता है (ग) उसे मां-बाप के प्रति अपने कर्तव्य का एहसास है। | 1 | 1 |
| **10.** | (I) (ग)शतरंज के बादशाह को बचाना अधिक आवश्यक था।<br>अथवा<br>(II) (ग)मीर की प्रतिकार भावना | 1 | 1 |
| **11.** | (I) (क)अनौपचारिक पत्र<br>अथवा<br>(II) (क)सार लेखन | 1 | 1 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12. | (I) अंधेर नगरी पाठ में 'टके सेर भाजी टके सेर खाजा' कथन में निहित व्यंग्य अर्थ है **गुणों और मूल्यों की कदर नहीं है।**<br>**अथवा**<br>(II) अंधेर नगरी पाठ में महंत ने नगर छोड़कर जाने का निर्णय लिया क्योंकि **भावी संकट की आशंका थी ।** | 1 | 1 |
| 13. | (I) समाचार स्रोत में यह शामिल नहीं होता कि **समाचार कैसे प्राप्त हुआ।**<br>(घ)<br>**अथवा**<br>(II)अखबार का संपादकीय **समाचारों**पर आधारित होता है। | 1 | 1 |
| 14. | **(किन्हीं दो)**<br>(क) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ के लेखक हैं **हजारी प्रसाद द्विवेदी**<br>(ख) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ में लेखक ने **महात्मा गांधी** की विचारधारा का संकेत किया है।<br>**(ग)** अंधेर नगरी' नाटक के लेखक हैं **जयशंकर प्रसाद।**<br>**(घ)** अंधेर नगरी' नाटक के **अभिनेयता**तत्व के कारण वह अन्य विधाओं से भिन्न है। | 1x2 | 2 |
| 15. | (क) किशोर **(कोई दो)**<br>(ख) महंत<br>(ग) बेगम<br>(घ) गौरैया | 1x2 | 2 |
| 16. | **(कोई दो)**<br>(क)सही<br>(ख) गलत<br>(ग) गलत<br>**(घ)** सही | 1x2 | 2 |
| 17. | (I) (ग)गौरैया, निःस्वार्थ प्रेम<br>अथवा<br>(II) (घ)गौरैया, ऐश्वर्य के प्रति आकर्षण है | 1x2 | 2 |
| 18. | **(किन्हीं दो)** | 1x2 | 2 |

| **पाठ का नाम** | **पात्र का नाम** |
|---|---|
| बहादुर | किशोर |
| शतरंज के खिलाड़ी | मिरजा |
| सुखी राजकुमार | गौरैया |
| अंधेर नगरी | गोबरधनदास |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| **19.** | (1) विषयवस्तु (कोई दो)<br>(2) भावात्मक<br>(3) .बुद्धि<br>(4) वर्णनात्मक | | 2 |
| **20.** | विकास और पर्यावरण के मुद्दे ..........................तैयार करना होगा।<br><br>(I) (घ) वैज्ञानिक आधार न होना।<br>(II) (ग) पर्यावरण को नष्ट नहीं होने देना<br>(III) (घ)विकास के लिए पर्यावरण को अहित पहुँचाना<br>(IV) (घ) वायु और जल प्रदूषण की बढ़ती समस्या से | <br><br>1<br>1<br>1<br>1 | 4 |
| **21.** | (I) बुरी तरह हारना के लिए सही मुहावरा है - (ख)मुंह की खाना<br>**अथवा**<br>(II) गागर में सागर भरना मुहावरे से आशय है - (घ)थोड़े शब्दों में अधिक कहना | 1 | 1 |
| **22.** | 'तिरंगा' में (ख)द्विगु समास है<br>**अथवा**<br>**'**यथाशक्ति' में (ग)अव्ययीभाव समास है | 1 | 1 |
| **23.** | (I) (ग) वहाँ भारी भीड़ जमा थी ।<br>**अथवा**<br>(II) (ख)ईश्वर के अनेक नाम हैं। | 1 | 1 |
| **24.** | (I)(ख) जो मेहनती होते हैं, उन्हें सभी सराहते हैं।<br><br>**अथवा**<br><br>(II) (क) आप चाय पिएंगे या लस्सी ? | 1 | 1 |
| **25.** | **(किन्हीं दो)**<br>(क) महेन्द्र का सन्धि विच्छेद **महा + इन्द्र** है।<br>(ख) पर्यावरण का सन्धि विच्छेद **परि+ आवरण** है।<br>(ग) इति+आदि का संधि **इत्यादि** होगा।<br>(घ) सत+ आनंद का संधि **सदानंद** होगा। | 1x2 | 2 |
| **26.** | **(किन्हीं दो)**<br><br>(क) 'माध्यमिक' शब्द में **इक** प्रत्यय का प्रयोग किया गया है।<br>(ख) स्थायित्व शब्द में **त्व** प्रत्यय का प्रयोग किया गया है।<br>(ग) 'अनावश्यक' शब्द में **अन** उपसर्ग का प्रयोग किया गया है। | 1x2 | 2 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (घ) 'अपमान' शब्द में **अप** उपसर्ग का प्रयोग किया गया है। | | |
| **27.** | **(किन्हीं दो)**<br><br>(क) बीस<br>(ख) निर्जीव<br>(ग) डोंगा<br>**(घ)** एहसान. | 1x2 | 2 |
| | **खंड 'ब'(विषयनिष्ठ/वर्णनात्मक)** | | |
| 28 | **जो जल..................सयानों काम**<br>पाठ - दोहे<br>कवि - कबीर<br>काव्य सौंदर्य - यदि नाव में पानी भरने लगे और घर में धन की अधिकता हो जाए तो समझदारी इसी में है कि दोनों हाथों से उलीचना शुरू कर दीजिए। नाव में पानी बढ़ने से उसका डूबना निश्चित है। इसी तरह यदि घर में आवश्यकता से अधिक धन आ जाए तो उसे दान कर देना चाहिए क्योंकि धन की अधिकता अपने साथ ऐसी विकृतियां लेकर आती है जिससे घर का विनाश होना निश्चित है।<br>नाव में जल और घर में धन जैसी दो भिन्न स्थितियों में समानता स्थापित की गई है। साथ ही, इससे नीतिगत उद्देश को सरल और बोधगम्य बनाया गया है।<br>-कबीर ने धन की आवश्यकता को नकारा नहीं है, उस की अधिकता -को हानिकारक बताया है<br>-नीति और उपदेश की बात<br>-कबीर की सधुक्कड़ी भाषा<br>-सहज भाषा में गहरी बात उदाहरण के माध्यम से कही गई है।<br><br>अथवा<br><br>**"उस्ताद जी, ................................ उड़ी जाती चिड़िया?**<br><br>**पाठ -** आज़ादी<br>**कवि** - बालचंद्रन चुल्लिकाड<br>इस प्रश्न के साथ-साथ शागिर्द ने कई संदर्भों का वर्णन करके आज़ादी का अर्थ जानना चाहा उसने अपने हिसाब अपने उस्ताद के सामने है जिज्ञासा रखी कि क्या चरागाह में नन्हे से बछड़े का उछल कूद करने को ,बेफिक्र और खुश रहने को आज़ादी कहेंगे।<br>दूसरा संदर्भ देते हुए शागिर्द पूछता है कि क्या असंभव समझे जाने वाले काम को पूरा करने का नाम आज़ादी है क्योंकि सूरज में घोंसला बनाने के लिए उड़ान भरने वाली | ½<br>½<br><br>1<br><br>2<br><br>½<br>½<br><br>1 | 4 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | चिड़िया का दुस्साहस ऐसा ही है।<br>भाषा सरल, सहज, आसान बोलचाल के शब्द<br>अरबी शब्द - मुसाफ़िर<br>फारसी शब्द - उस्ताद, दर्जी, शार्गिद<br>विशेषण - नन्हा-सा<br>कविता की मूल भाषा - मलयालम। सहज भाषा में किया गया अनुवाद है। | 2 | |
| 29 | **पर,जो कपड़े नहीं सिएगा....टिकी है आज़ादी।**<br><br>**प्रसंग** - प्रस्तुत अंश बालचंद्रन चुल्लिक्काड की कविता 'आज़ादी' से लिया गया है। इसमें दर्जी का शार्गिद आज़ादी के बारे में प्रश्न करता है और वह अलग-अलग ढंग से अपनी जिज्ञासा को शांत करना चाहता है। इस पर दर्जी उसे कर्म की ओर प्रेरित कर रहा है।<br>**व्याख्या** - सिल की नोंक पर आज़ादी टिकी हुई है।सुई चलती रहेगी, कपड़े सिए जाएंगेअर्थात कर्म जारी रहेगा तो आज़ादी बनी रहेगी। कर्म करने में ही आज़ादी है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए उससे अपेक्षित कार्यों को पूरी निष्ठा से करना ही आज़ादी है। आज़ादी का आनंद वही ले सकता है जिसने उसके लिए परिश्रम किया है। जिसने कार्य नहीं किया है उसे सपने देखने और आज़ादी भोगने का अधिकार नहीं है। आज़ादी को भोगने के लिए कर्तव्यबोध अति आवश्यक है।<br><br>**अथवा**<br><br>**करत-करत ........................... परत निसान**<br>**प्रसंग** - प्रस्तुत दोहा कवि वृंद द्वारा रचित है। इस में अभ्यास की महिमा उदाहरण के माध्यम से बहुत ही सशक्त रूप में व्यक्त की गई है।<br>**व्याख्या** - निरंतर अभ्यास करने से मूर्ख लोग भी विद्वान बन जाते हैं। जिस प्रकार कुएं के कठोर पत्थर पर भी रस्सी के बार-बार आने-जाने से निशान पड़ जाते हैं।<br>उदाहरण - 'सिल पर परत निसान' उदाहरण होने से दृष्टांत अलंकार<br>करत-करत में अनुप्रास ,<br>छंद - दोहा । | 1<br><br>2<br><br>1<br><br>2 | 3 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 30 | **(कोई तीन)**<br>(क) 'नैना देत बताय सब....... दोहे में आंखों के भावों की सपष्ट प्रदर्शन का उल्लेख किया गया है। नैना के माध्यम से हृदय में सकारात्मक और नकारात्मक दोनों भावों को देखा जा सकता है। ठीक उसी प्रकार -जैसे साफ दर्पण स्पष्ट रूप से जो जैसा है,वैसा ही प्रतिबिंब दिखाता है।<br>(ख) आज़ादी गुणवत्ता में कर्तव्यबोध की प्रेरणा देती है और कहा गया है कि मेहनत, निष्ठा और लगन से अपना कर्तव्य करने वाला व्यक्ति ही आज़ादी का सही मायने में अधिकारी है।<br>(ग) निंदक को निकट रखना लाभकारी है। वह हमारे स्वभाव के सभी नकारात्मक पक्षों को उजागर करता है जिन्हें सुधारकर हम अपने स्वभाव को उत्कृष्ट बना सकते हैं।<br>(घ) 'आज़ादी' कविता के अंत में शार्गिद को दर्जी द्वारा दिए गए उत्तर से संतुष्टि मिली, उसकी जिज्ञासा शांत हुई कि आज़ादी कर्म करने का नाम है। वह अपने कार्य की ओर प्रेरित हुआ और सूई में धागा पिरोने लगा। | 2<br>2<br>2<br>2 | 2x3=6 |
| 31. | **(कोई तीन)**<br>(क) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी में मुख्य पात्र मिरज़ा सज्जाद अली और मीर रौशन अली हैं। दोनों समृद्ध परिवार से हैं अतः जीविका चलाने की कोई चिंता नहीं है। उनके आपसी संबंध का मूल आधार उनका शतरंज खेलने का व्यसन है।<br>(ख)जब राजकुमार जीवित था, वह केवल अपने सुख और ऐश्वर्य में ही रुचि लेता था। वह आत्मकेंद्रित था। परंतु मरने के बाद उसे सबके दुख दिखाई देने लगे। वह दुखी रहने लगा। मानवीय संवेदनाओं का संचार हुआ।<br>(ग) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी में वाजिद अली शाह का समय था, लखनऊ विलासिता के रंग में डूबा हुआ था। अमीर-गरीब सभी किसी-न-किसी लत तथा विलासिता में डूबे हुए थे& सभी एक-दूसरे से निरपेक्ष थे।<br>(घ)कर्म को महत्व। प्रारंभ में राजकुमार की प्रतिमा की सब सराहना करते हैं पर अंत तक यह प्रतिमा अत्यंत कुरूप हो जाती है।यद्यपि मेयर आदि को यह पत्थर का भिखारी मालूम होता है परंतु,गौरैया राजकुमार के कर्म सौन्दर्य के कारण ही प्रेम करती है।ईश्वर गौरैया और राजकुमार को स्वर्ग में स्थान देते हैं। | 2<br>2<br>2<br>2 | 2x3=6 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 32 | **(कोई दो)**<br>(क) गौरैया राजकुमार की संगति में लोगों के दुख-दर्द बांटती है,राजकुमार के गुणों से प्रभावित है,स्वयं अपने प्राण दे देती है। उसके प्रेम, समर्पण और त्याग के कारण उसे स्वर्ग में स्थान मिलता है।<br>(ख) कहानी 'शतरंज के खिलाड़ी' के अंत में समाज के विलासिता में डूबे होने के कारण न तो देश बचता है, न ही व्यक्ति। नवाब बंदी हो गए और मीर और मिरज़ा अपनी झूठी शान के कारण एक-दूसरे की हत्या कर देते हैं।<br>(ग) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी में पूरी जनता राग-रंग में डूबी हुई है। संसार में होने वाली घटनाओं में किसी की दिलचस्पी नहीं थी। अत्यधिक ऐश्वर्य,अकर्मण्यता के कारण जनता गुलाम रह गयी। नवाब बंदी हो गए और मीर एवं मिर्जा जान से हाथ धो बैठे। अत्यधिक विलासिता अत्यंत घटक सिद्ध हुई। | 2<br>2<br>2 | 2x2=4 |
| 33 | पाठ- सुखी राजकुमार<br>लेखक : ऑस्कर वाइल्ड<br>(क) जब राजकुमार अपने अंगों पर लगे बहुमूल्य रत्नों को दान कर लोगों का दुख दूर करता है तो उसकी पहचान सुखी राजकुमार से 'पत्थर का भिखारी' हो जाती है।<br>(ख) नगर का मेयर अपने चाटुकारों के साथ भ्रमण के दौरान देखता है कि राजकुमार की प्रतिमा पर लगे बहुमूल्य रत्न नहीं हैं जिनके अभाव में प्रतिमा कुरूप लग रही है। इसलिए राजकुमार की प्रतिमा को पत्थर का भिखारी कहा गया है। मेयर को नगर की जनता के दुख नहीं दिखते परंतु मूर्ति का भद्दापन दीख जाता है। सभासद भी चापलूस हैं। वे हर बात में हाँ भरते हैं। रूप का वर्चस्व है। कर्म का अभाव है।<br>**अथवा**<br>पाठ - शतरंज के खिलाड़ी<br>लेखक - मुंशी प्रेमचंद<br>(क) मीर और मिरजा शतरंज की बाजी के दौरान अत्यंत हिंसक हो उठे और बिसात के मोहरों पर हुए झगड़े में अप्रासंगिक बातें भी होने लगीं और दोनों ने एक-दूसरे से जख्मी हो प्राण दे दिए।<br>(ख) दोनों बादशाह इन दोनों वीरों की मृत्यु पर इसलिए रो रहे थे क्योंकि शतरंज की | ½<br>½<br>2<br>2<br>½<br>½<br>2<br>2 | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | लत के चलते जिन्होंने अपने कर्तव्य से सदैव मुंह चुराया,जिन्होंने अपने शासक वाजिद अली शाह की साथ मिलकर देश को गुलामी से मुक्त करने के लिए अपना जीवन अर्पण करने के बजाय, वही मीर और मिरज़ा शतरंज के खेल पर अपनी जान से हाथ धो बैठे। उनका जीवन व्यर्थ गया। | | |
| 34 | '...शहर में न कोई हलचल थी..... बड़े बड़े कायर भी आंसू बहाते हैं।<br>प्रसंग : यह गद्यांश मुंशी प्रेमचंद की कहानी 'शतरंज के खिलाड़ी' से लिया गया है।<br>व्याख्या : वाजिद अली शाह को अंग्रेज सेना द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाता है। अवध जैसे विशाल राज्य का शासक बिना किसी संघर्ष के बंदी हो जाता है। उसके लिए संघर्ष करने वाला कोई नहीं। सब विलास में मगन हैं । अहिंसा और कायरता में बहुत अंतर है। यह अहिंसा नहीं कायरता की पराकाष्ठा थी।<br>आगत शब्दों का प्रयोग: शहर, कायरपन<br>तत्सम शब्द: स्वाधीन, अहिंसा,देवगण<br>मुहावरे: खून बहाना , आँसू बहाना<br>हिन्दी भाषा के हिन्दुस्तानी रूप का प्रयोग<br>**अथवा**<br>**'आज जब मैं मर गया हूं.... मगर फिर भी फटा जा रहा है'**<br>प्रसंग : यह गद्यांश ऑस्कर वाइल्ड की कहानी 'सुखी राजकुमार' से लिया गया है।<br>व्याख्या : जब राजकुमार जीवित था तब उसे अपने सुख के अतिरिक्त कुछ भी दिखाई नहीं देता था। उसके चारों तरफ सुख-सुविधाएं थीं। वह आत्म केंद्रित था। उसे दूसरों के दुखों का कोई ज्ञान नहीं था परंतु मृत्यु के बाद जब वह प्रतिमा रूप में स्थापित हुआ तो उसे वहां से सभी दुख दिखाई देने लगे और अपने नगर में इतने अधिक दुख से वह अत्यंत व्यथित हो गया।<br>- आत्मकथन शैली,जीवन के प्रति नई दृष्टि से साक्षात्कार<br>- मुहावरे का प्रयोग: हृदय फटना | 1<br>2<br>2<br>1<br>2<br>2 | 5 |
| 35 | सार लेखन - मूल बिंदुओं का उल्लेख<br>एक तिहाई शब्दों में सार<br>भाषा शुद्धता | 2<br>2<br>1 | 5 |
| 36 | पत्र लेखन- पत्र की औपचारिकताऐं<br>प्रश्नानुसार विषयवस्तु<br>प्रस्तुति और भाषा | 1<br>2<br>2 | 5 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 37 | निबंध लेखन -प्रारंभ/भूमिका<br>विषयवस्तु<br>प्रस्तुति<br>भाषा कौशल | 1<br>2<br>2<br>2 | 7 |

For any help related to admission in NIOS please contact
SS Coaching @ 9935035316



Scanned with OKEN Scanner